# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024




## खबर संक्षेप

### मेगा बैठक में व्यवस्थाओं की समीक्षा



**खुज्जी।** उच्चतर माध्यमिक शाला में 4 अक्टूबर को द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य राधेश्याम कमरिया, पुष्पा मंडावी, राजेंद्र साहू, शोभित राम साहू , पालक राजीव चौधरी, ताम्रध्वज सिन्हा, तुकाराम यादव, लिखनलाल, प्रीतम पटेल, अगरचंद साहू, शेखर कुमार, रवि साहू, जगत सिन्हा तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। बैठक में त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की गई। शाला की अध्यापन व्यवस्था , पाठ्यक्रम पूर्णता एवं बुनियादी सुविधा, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बिजली पंखा एवं सफाई की समीक्षा की गई।

### संकुल स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**डोंगरगढ़।** भारत स्काउट गाइड विकासखंड डोंगरगढ़ ने हाईस्कूल संेदरी में गांधी- शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत शाला प्रांगण, मैथ्स गार्डन, साइकल स्टैंड, बोरिंग के आसपास सफाई किया गया। कार्यक्रम में चंद्रहास महिलांगे, लक्ष्मीदास साहू उपस्थित थे। प्राचार्य किरण मिश्रा, बीईओ श्रीमती कौर, विकासखंड अध्यक्ष दविन्दर सिंह भाटिया ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। संचालन लेखराम वर्मा ने किया।

### कबड्डी स्पर्धा का आयोजन



**डोंगरगढ़।** ढारा में जय श्री राम युद्ध क्लब ने कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा में ब्लाक कांग्रेस नेता शामिल हुए। नेताओं के गांव पहुंचने पर आयोजन समिति ने स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, राजूसिंह राजपूत, सामसाय टांडेकर, बिसराम वर्मा, रोशन वर्मा, पुनीत कंवर, संजीव वर्मा, हरीश यादव, उत्तम वर्मा, भोले वर्मा, अभिमन्यु आदि मौजूद थे।



### मनाई गांधी जयंती

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस प्रतिनिधियों ने आजाद चौक में गांधी जयंती श्रद्धा के साथ मनाया।

### प्रांतीय विज्ञान मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में प्रांतीय विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। विज्ञान मेला स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के आदित्य सोनवानी, देवराज ठाकुर, किशोर वर्ग में कुँवरजीत यादव, शिशु वर्ग में शाश्वत वर्मा विज्ञान मॉडल के साथ शामिल हुए। आदित्य, देवराज एवं शाश्वत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह अब क्षेत्र स्तर प्रतियोगिता के लिए सागर जाएंगे। इसी प्रकार प्रांतीय खेल प्रतियोगिता बिलासपुर में पंकज चंद्रवंशी ने क्रॉस कंट्रीज खेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### वृद्धाश्रम एवं स्कूल में कराया भोज



**डोंगरगढ़।** जीवन आनंद वृद्धाश्रम एवं आवासीय शाला बछेराभाटा में रतन राठौर ने अपने पिता स्व. अमीचंद राठौर एवं पुत्र की स्मृति में भोजन कराया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 थाली दान में दिया। इसके पूर्व श्री राठौर ने आश्रम में वाटर कूलर लगवाया था।

### गणित परिषद के चन्द्रबली अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में गणित परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान संकायाध्यक्ष सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, प्रभात बैस, डॉ. राजेश्वरी ठाकुर एवं देवश्री देवांगन उपस्थित थी। गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. निर्वेद कुमार शर्मा ने पदाधिकारियों की घोषणा की। कार्यकारिणी में अध्यक्ष चन्द्रबली देवांगन, उपाध्यक्ष त्रिवेणी, सचिव ओमप्रकाश सोनवानी, सहसचिव कुशन, कोषाध्यक्ष साहिद खान एवं कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश नेताम, कीर्तिन, यशस्वी, तनु एवं शीतल हैं। संचालन डॉ.निर्वेद शर्मा ने किया।

### शिविर में 58 ने किया रक्तदान



**अंबागढ़ चौकी।** एसबीआई लाइफ परिवार कौड़ीकसा एवं श्री साईं सेवा समिति चिल्हाटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा में किया गया। शिविर में 58 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। प्राप्त रक्त को अटल बिहारी वाजपेई मेमोरियल हॉस्पिटल राजनांददगांव को सौंपा गया। आयोजन प्रमुख दिगंबर शांडिल्य एवं कृष्णा साहू, गालेश गिरी ने बताया कि यह शिविर कविता शांडिल्य के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया था। सात महिलाओं ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री मंडावी, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, मदन साहू, नम्रता सिंह, शत्रुघ्न चुरेंद्र, जनक सोनवानी,यूनुस खान, चित्रांगन साहू उपस्थित थे। इस आयोजन में 20 बार से अधिक बार रक्तदान करने वाले मनोज कोरटिया, जनक सोनवानी, डॉ यादव, यशवंत सिन्हा, लक्ष्मण देवांगन, संदीप साहू का विशेष सहयोग रहा।




पुराना बस स्टैण्ड डोंगरगांव



बाजार चौक, डोंगरगांव



किलापारा, डोंगरगांव



नया बस स्टैण्ड, डोंगरगांव



सरस्वती उत्सव समिति, बोधीटोला



नवयुवक मंडल, गढुला

# देवी प्रतिमाएं स्थापित, जगमगाने लगे ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



अंचल में क्वांर नवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नर्मदा मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर घिरघोली, बंजारी मंदिर साल्हेवारा, अन्नपूर्णा मंदिर पैलीमेटा, चोरणाधाम, शीतला मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में गुरूवार पूजा अर्चना एवं मंत्रोचार के साथ घट स्थापना किया गया। सभी देवी स्थलों में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया है। मंदिरों में सुबह से शाम तक माता के भक्तों की आवाजाही बनी है। गांवों में मां दुर्गा एवं सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किया गया है। घर एवं मंदिरों में भजन, कीर्तन एवं दोनों पहर की आरती से धार्मिक माहौल बना हुआ है। नवरात्रि के पहले दिन से मां बम्लेश्वरी दर्शन करने वाले पदयात्रियों का जत्था गुल रहा है। पदयात्रियों ने बताया कि गंड़ई- छुईखदान के मध्य चिकित्सा, ठहरने, जलपान सुविधा का आभाव है।

### भाजपा नेता पहुंचे देवी के दरबार



**डोंगरगढ़।** क्वांर नवरात्रि के पहले दिन प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अजय जमवाल, महामंत्री पवन साय ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना किया। उन्होंने ऊपर मंदिर एवं नीचे मंदिर दरबार में हाजरी लगाया। यहां पहुंचने पर भाजपा नेताओं का स्थानीय नेताओं ने स्वागत किया। देवी दर्शन के बाद भाजपा नेता महेन्द्र अग्रवाल के घर में उन्होंने स्थानीय पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भेंट कर राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदरसिंग मंगे, प्रकाश बिंदल, रविन्द्र वैष्णव, महेन्द्र भाई पटेल, संतुराव अन्ना, परविंदर सिंग मोंटी, प्रिंस कक्कड़, अमित जैन, दिलीप साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग, तारीख पर तारीख मिलने से नाराज

# एडीएम दफ्तर के गेट को बाधित कर ग्रामीणों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



डिप्टी सीएम के निर्देश के बाद भी सरपंच के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज झाड़ीखैरी पंचायत के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना देकर पूरे सिस्टम की पोल खोलकर रख दिया। यह पहला मौका था जब अनुभाग के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय की आवाजही को ही ग्रामीणों ने बाधित कर दिया।

जानकारी के अनुसार छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के ग्रामीण मौजूदा सरपंच के खिलाफ करीब तीन साल से अधिक समय से शिकायत करते आ रहे है।

ग्रामीणों ने सरंच पर आर्थिक अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासनिक जाँच भी हो चुकी है। ग्रामीण जाँच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की मांग कर रहे है किन्तु अनुविभागीय कार्यालय में मामला काफ़ी समय से लंबित है। कार्रवाई में लगातार विलब होने के बाद ग्राम पंचायत झाड़ी खैरी के बड़ी संख्या में महिला पुरुष शुक्रवार को यहां पहुंचकर अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय के मुख्य द्वार को बाधित करते हुए धरना पर बैठ गए थे। एसडीएम कार्यालय का घेराव होने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। प्रदर्शन की खबर मिलते ही तहसीलदार पीएल नाग एवं पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की बात सुना।

### डिप्टी सीएम की अनदेखी

ग्रामीणों ने बताया कि वह इस बंध में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव के समक्ष अपनी बात रख चुके है। सभी नेताओं ने कार्रवाई कराने का आश्वासन तो दिया किन्तु अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कलेक्टर को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था परन्तु प्रशासन ने उनके निर्देश को भी दरकिनार कर दिया। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि अब काईवाई नहीं किया गया तो गांव के सभी महिला पुरुष रायपुर जाकर उप मुख्यमंत्री के कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान चन्द्रभान साहू, सोनेश्वर पाल, नेतराम साहू, रामसिंह, संतोष ठाकुर, बिजेलाल, पंचराम, दयालुराम, बसंतकुमार, कुमारी साहू, पार्वती, वेदकुंवर, विक्टोरिया साहू, निराशा साहू आदि मौजूद थे।

### मंदिर और पंडालों के आसपास जेबकतरे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- भीड़ में सक्रिय है बच्चों और महिलाओं की गैंग

नवरात्रि शुरू होने के साथ मंदिरों और पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। भीड़ को देखते हुए शहर में पॉ के ट मा र सक्रिय हो गए है। यह लोग मौका मिलते ही मोबाइल, पर्स, गहने और बाइक पार कर देते हैं। नगर के मेन चौक, टिकरीपारा, रावण मैदान, कोपेभाटा, पंडरिया, सब्जी मंडी सहित पूजा पंडालों के आसपास पॉकेटमार अधिक सक्रिय हो गए है। जानकारी के अनुसार पंडालों के आसपास और भीड़ वाले स्थानों में सक्रिय गिरोह में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। जानकारी के अनुसार विगत दिनों जायसवाल टॉकीज के पास एक नाबालिक लड़के को लोगों ने पकड़ा था जो बाइक की चाबी लेकर भाग रहा था। भीड़ ने जब उसके बैग की तलाशी लिया तो उसमे नोकदार लोहे का रॉड और आरी ब्लेड सहित अन्य वस्तुएं मिली थी। पूछने पर उसने कवर्धा क्षेत्र का निवासी होना बताया था।

## घटिया निर्माण के खिलाफ कांग्रेस का धरना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विधायक दलेश्वर साहू की पहल पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में करीब 3 किमी सड़क चौडीकरण के लिए 18 करोड़ मंजूर हुए थे। जैसे तैसे काम शुरू होने के बाद से ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे है। भाजपा नेताओं की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने के बाद अब कांग्रेस ने धरना देने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर सीमा में स्टेट हाइवे के चौडीकरण की मंजूरी राज्य सरकार ने दी थी। मंजूरी मिलने के बाद काफ़ी समय तक सड़क की चौडाई को लेकर संशय बना रहा। लंबी कवायद के बाद नगर पंचायत और राजस्व विभाग ने सड़क के मध्य से दोनों तरफ 40- 40 फुट के दायरे मे आने वाले कच्चे पक्के निर्माण को तोड़ दिया था किन्तु निर्धारित दायरे का उपयोग ही नहीं किया गया। जैसे तैसे निर्माण चालू हुआ तो सड़क चौड़ीकरण कार्य लोगों के लिए जानलेवा बन गया। सड़क चौड़ीकरण होने के पहले आधा अधूरा डिवाईडर बना दिया गया है जिसमें आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वहीं डामरीकरण कार्य के अपूर्ण रहते हुए अब नाली का काम चालू कर दिया गया है।

### भाजपा के बाद कांग्रेस जागी

हाल ही में भाजपा नेताओं ने सड़क को लेकर कलेक्टर से शिकायत किया था। शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौका मुआयना करने आए थे जो काम को सही ठहरा कर चले गए। अब कांग्रेस ने सड़क के अपूर्ण रहने और निर्माण में विलंब को लेकर कल 5 अक्टूबर को पायल ज्वेलर्स के पास धरना देने का ऐलान किया है।

### छात्रों ने निकाला दांडी मार्च



**डोंगरगढ़।** डॉ आंबेडकर आदिवासी छात्रावास बछेराभाटा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य एसजी मेश्राम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। बच्चों को गांधी के जीवन से जुड़े हुए प्रेरक प्रसंग बताए गए। शिक्षिका गीतेश्वरी यादव, नूतन साहू, कृष्णा साहू, मैरी रोशन और साकेत रजक ने गांधी जी से जुड़े संस्मरण सुनाए। बच्चों ने दांडी मार्च निकाला।

## जयंती पर हुए विविध सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाया गया। 29 सितम्बर को शुरू जयंती समारोह का समापन 3 अक्टूबर को शोभायात्रा के साथ हुआ। 5 दिन तक समाज के युवक-युवतियों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। शोभायात्रा का समापन बाद मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूनम अग्रवाल, विषिष्ट अतिथि राजू अग्रवाल भूत, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता बिंदल, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र अग्रवाल एवं स्वागत अध्यक्ष प्रकाश बिंदल की उपस्थिति में समाज के बुजुर्गों को श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

### युवाओं से आगे आने का आव्हान



अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की सीख की अनुरूप समाज के पुरखों द्वारा बनाई गई पहचान एवं सामाजिक, मानव सेवा कार्यो का उल्लेख करते हुए युवाओं से समाज के कार्यो में सहभागिता निभाने की बात कही। स्वागत भाषण मनमोहन अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, श्याम सुंदर नरेडी, पवन भूत, विनय बसंल, प्रणय अग्रवाल, आतिश नरेडी, अभिषेक अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, निरज पचेरी, रितेष अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, सरोज नरेडी, पंकज अग्रवाल, ऋतु किशन अग्रवाल, आयुषी नरेडी, किरण नरेडी, शोभा प्रकाश बिंदल, संध्या बिंदल, कन्हैयालाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, मुकेश भूत, मयूर भूत सहित अन्य उपस्थित थे।





पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 5 अक्टूबर, 2024



नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरूप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रूप का पूजन होता है। माता का यह रूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि-विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं, उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रूप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

### किराये पर मिल रहे प्रधानमंत्री आवास, हितग्राही ही वसूल रहे किराया!

# पीएम आवास के मकान को किराये में देकर झोपड़ी में रह रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय योजना के तहत सरकार द्वारा आबंटित पक्के मकानों को किराये में देकर हितग्राहियों के स्वयं झोपड़ी में रहने की कहानी टैक्स फ्री फिल्म नायक के एक सीन में दिखाया गया था, लेकिन इस कहानी को हकीकत में राजनांदगांव शहर के रेवाडीह में आबंटित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही चरितार्थ कर रहे हैं। यहां शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना से आबंटित मकान को अधिकांश हितग्राहियों ने दूसरे प्रदेशों से आए लोगों को किराये पर दे दिया है और स्वयं तालाब किनारे किए गए अतिक्रमण में रह रहे हैं।

शहर के रेवाडीह क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकान को व्यवस्थापन के तहत बल्देवबाग क्षेत्र के मोती तालाब पार निवासियों को आबंटित किया गया था। नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से इन हितग्राहियों को मकान तो दे दिया गया, लेकिन उनके अतिक्रमण को हटाने में निगम के अधिकारी नाकाम रहे। नतीजा यह रहा कि तालाब पार में अतिक्रमण बरकरार रहा। वहीं रेवाडीह में भी अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान मिल गया। ऐसे में अधिकांश हितग्राही रेवाडीह के मकान में न रहते हुए अपने अतिक्रमण पर ही रह रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों को उन्होंने किराये पर दे रखा है। लगभग 4 वर्ष पूर्व नगर निगम द्वारा व्यवस्थापन के तहत आबंटित किए गए इन मकानों में चंद हितग्राही ही गए और अधिकांश हितग्राहियों ने अपने मकान को 2-3 हजार रुपए मासिक किराये पर अन्य लोगों को दे दिया है।

#### निगम की जांच में होगा खुलासा

किराये पर मकान देने की शिकायत कई बार यहां रहने वाले अन्य लोगों ने नगर निगम से की है, लेकिन निगम द्वारा यहां रहने वाले लोगों का सत्यापन नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते किरायेदारी का चलन बढ़ गया है। यहां निगम द्वारा वास्तविक हितग्राहियों का सर्वे करने से कई खुलासे होंगे।



#### असामाजिक तत्वों से परेशान

रेवाडीह क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना में रह रहे कुछ हितग्राही यहां असामाजिक तत्वों से परेशान हो गए हैं। अधिकांश हितग्राहियों ने अपने मकान को बिना पड़ताल के किराये पर दिया हुआ है। वहीं कई खाली मकान में लोग कब्जा करते ताला तोड़कर भी निवास कर रहे हैं। ऐसे में यहां के मकान असामाजिक तत्वों का डेरा बन रहा है। जिससे यहां रहने वाले हितग्राही परेशान हैं।

#### दूसरे प्रदेशों के किरायेदार

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने इन मकानों को हितग्राहियों ने पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार क्षेत्र से आए लोगों को किराये पर दिया हुआ है। नियम अनुसार हितग्राही द्वारा किसी और को इन मकानों को किराये पर नहीं दिया जा सकता है।

#### पुलिस की कार्रवाई में पुष्टि

प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित इन मकानों को हितग्राही बिना पुलिस की सूचना के ऐसे लोगों को किराये पर दे दिए हैं, जो असामाजिक प्रवृत्ति के हैं। गुरुवार को लालबाग पुलिस की कार्रवाई में इस बात की पुष्टि हुई है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित जी-ब्लॉक के रूम नंबर 3 के हितग्राही ने मध्यप्रदेश के जबलपुर से यहां आकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर आरोपियों को किराये पर दिया हुआ था।

#### निगम को नहीं मिल रही किस्त

शहर के रेवाडीह क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों को व्यवस्थापन के तहत नगर निगम द्वारा 75 हजार रुपए की राशि में हितग्राहियों को आबंटित किया गया है। शुरूआत में हितग्राही से 10 हजार की राशि ली गई है। वहीं शेष राशि हितग्राहियों को किस्त के रूप में अदा करनी है, लेकिन इनमें से अधिकांश हितग्राही निगम को किस्त की राशि अदा नहीं कर रहे हैं। वहीं अपने मकान को किराये पर देकर स्वयं किराये की वसूली कर रहे हैं।

#### होगी कार्रवाई

प्रधानमंत्री आवास योजना से आबंटित आवास को किराये में देना गलत है। जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

**- यूके रामटेके,** कार्यपालन अभियंता, नगर निगम

### बैंक से निकाला था पैसा

## वाहन की डिक्की से उठाइगिरी, जांच शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दो स्थानों पर दुपहिया वाहन के डिक्की से नगदी रकम की उठाईगिरी की घटना होने से सनसनी फैल गई है। इस मामले की सूचना पर पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नए बस स्टैंड के सामने स्थित होटल के सामने दुपहिया वाहन की डिक्की में रखे नगदी रकम 50 हजार रुपए को अज्ञात आरोपी ले उड़े। बताया गया कि फरहद निवासी प्रार्थी डोमन लाल पास के ही बैंक से 30 हजार रुपए नगदी निकाला था। 20 हजार रुपए उसके पास पहले से ही था।

#### दूसरी घटना रामाधीन मार्ग में

इस घटना को कुछ ही देर हुए थे कि दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग 2 बजे रामाधीन मार्ग में हुई। बताया गया कि अन्य व्यक्ति ने बैंक से 30 हजार रुपए निकाले थे, जिसे बाइक की डिक्की में रखकर वह पुनः बैंक गया था, जब वापस लौटा तो डिक्की से नगदी रकम अज्ञात चोरों ने पार कर दिए थे। इधर इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी सहित पुलिस स्टाफ पहुंच गए थे, जिन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला। पुलिस को आशंका है कि अज्ञात आरोपियों का गिरोह बाहर के हो सकते हैं। त्यौहारों के दौरान शहर के व्यस्ततम इलाके में इस तरह की घटना होने से सनसनी फैल गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

#### निषाद समाज की बैठक 6 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया महाराष्ट्र, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथे ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने अपहृता नाबालिग को महाराष्ट्र से आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी द्वारा 30 सितंबर को थाना छुरिया उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की 15 साल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना छुरिया में धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को वैध संरक्षण से भगाकर ले जाने एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार करने से प्रकरण में धारा 65 (1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, सउनि सत्तूलाल कंवर, आरक्षक अश्वन वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, महिला आरक्षक कुसुम एक्का की सराहनीय भूमिका रही।

#### नाबालिग बरामद

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया पुलिस अपहृत नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी, जो मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी नाबालिग पीड़िता को थाना पुराडा महाराष्ट्र क्षेत्र अंतर्गत रखा है। जानकारी मिलने पर तत्काल टीम रवाना किया गया। नाबालिग बालिका को आरोपी लोकेश 19 साल साकिन बालोद के कब्जे से बरामद किया गया।

#### नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग लड़की से स्कूल के अंदर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अक्टूबर को प्रार्थिया ने थाना में अपने नाबालिग बेटी के साथ किसी बाहरी लड़के द्वारा स्कूल के अंदर घुसकर छेड़खानी करने पर मना करने से आरोपी द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट कराने पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना की जांच कर आरोपी की पता तलाश कर 3 अक्टूबर को आरोपी भूपेन्द्र यदु 23 साल को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर 4 अक्टूबर को जेल भेजा गया है। थाना डोंगरगांव पुलिस की विवेचना कार्रवाई सराहनीय रहा है।




## नौकरी लगाने के नाम पर 13 लोगों से 13 लाख की धोखाधड़ी, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

- खुद को बताया महिला अधिकारी, गंडई थाना में की गई शिकायत

गंडई थाना में एक महिला द्वारा खुद अधिकारी बताकर नौकरी लगाने के नाम पर लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों से 13 लाख 20 हजार रुपए धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस धोखाधड़ी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।


पुलिस के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र लोधी पिता रोहितराम निवासी गंडई पंडरिया ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी गीताजंलि टंडन पिता लक्ष्मण टंडन निवासी वार्ड 17 गातापार धमतरी एवं चंद्रकला निषाद पति कमलेश निषाद निवासी गोमची नंदनवन द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर 13 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि गीताजंलि द्वारा फर्जी मंत्रालय अधिकारी बनकर व विभाग का ओरिजनल सील लगाकर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। कुछ दिन पहले उसके पास चंद्रेश निषाद आया और अपने मौसी-मौसा चंद्रकला निषाद और कमलेश निषाद का नौकरी में नाम आने वाले लिस्ट को दिखाकर फॉरेस्ट बाबू के आठ पद खाली होने का हवाला दिया। चंद्रकला व कमलेश निषाद ने गीतांजलि पिता लक्ष्मण टंडन से मिलवाया। गीतांजलि खुद को एक सरकारी कर्मचारी बताई। सरकारी आईडी दिखाया और फॉरेस्ट बाबू के 8 पद के लिए गीतांजलि ने 16 लाख 20 हजार रुपए ले लिए। इस दौरान कुछ दिन बाद ज्वॉइनिंग लेटर आने का हवाला दिया गया। सत्यापन करके महिला एवं बाल विकास विभाग का ओरिजिनल सील हस्ताक्षर करवाकर सत्यापन कॉपी दिए। इसके बाद जानकारी लेने पर नियुक्ति पत्र फर्जी निकला। पुलिस आरोपी गीताजंलि को गिरफ्तार कर लिया है।

## छेड़छाड़ व जान से मारने की दी धमकी, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छेड़छाड़ करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी गुलशन देवांगन प्रार्थिया से छेड़छाड़ किया। प्रार्थिया के पति द्वारा गुलशन को फोन कर घर बुलाने पर वह फरसा लेकर घर आया और प्रार्थिया के परिवार वालों को फरसा लेकर जान से मारने के लिए दौड़ाने लगा, जिसे प्रार्थिया व उसकी सास बीच-बचाव किए। आरोपी गुलशन द्वारा थाना में रिपोर्ट लिखवाने पर पति एवं परिवार को जान से मार दूंगा, कहकर धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर धारा 74, 75, 351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने टीम गठित किया। विवेचना के आरोपी गुलशन देवांगन 22 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त फरसा को जब्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया।



## सार समाचार

### द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में तिमाही परीक्षा, अपार आईडी, बच्चों का



विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एवं पाक्सो बाक्स पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुषराम कंवर ने पालकों को घर में शैक्षणिक वातावरण तैयार करने प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी,हेमदास उईके, तिलक साहू, राजेन्द्र पटोती, फलिता साहू, भेदबाई वर्मा, भारती साहू, वेनु वर्मा, चित्ररेखा साहू, महेश्वरी मंडावी, तामिन साहू, ज्ञानबाई, बिसरीबाई, गोदावरी साहू, सातोबाई मंडावी, इंदरबाई, गोदावरी उईके आदि उपस्थित थे।

### वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर आज से

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 12 सितम्बर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक सुबह 11.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 5 अक्टूबर को वार्ड नं. 31, 32, 35 व 36 के लिए यादव भवन गौठान लखोली तथा 7 अक्टूबर को वार्ड नं. 33 के लिए कबीर भवन बैगापारा लखोली एवं वार्ड नं. 34 के लिए शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

### भटगुना स्कूल में न्यौता भोज

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला भटगुना में 3 अक्टूबर को हरिराम



साहू प्रधान पाठक शा. प्रा. शाला मोहारा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा साहू द्वारा न्यौता भोज के रूप में बच्चों को मिठाई व बिस्किट बांटा गया। इस दौरान शाला के प्रधान पाठक जेएल मेश्राम, सहायक शिक्षक उपेंद्र देवांगन, नागरिक निर्भयराम साहू, कमला यादव, दशरी साहू, रसोइया रेखाबाई व मीना साहू उपस्थित थे। बच्चों की ओर से प्रधान पाठक द्वारा श्री साहू का आभार प्रदर्शन किया गया।

### गंज मंडी में आज दुकालू यादव का कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** बसंतपुर गंज मंडी दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी दुर्गा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। समिति द्वारा इस साल स्थल झांकी के रूप में माता वैष्णोदेवी की गुफा बनाई गई है, जिसे श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र माना जा रहा है। कल 5 अक्टूबर को प्रसिद्ध गायक दुकालू यादव के स्वरों में जसगीत की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही 8 अक्टूबर को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें प्रख्यात कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे और अन्य जाने-माने कवि अपनी हास्य कविताओं से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। समिति के सदस्यों ने नगरवासियों से इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी समिति के सदस्य राकेश लोहिया ने दी।

### शेखर को मिली बैटरी साइकिल

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना, प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र



राजनांदगांव से चित्रागंन साहू के प्रयास से ग्राम दतरेगाटोला निवासी शेखर पटेल को बैटरी साइकिल दिलाया गया। नवरात्रि के प्रथम दिन में गांव के शीतला मंदिर में पूजा कर भेंट किया। इस अवसर पर सरपंच मनोज निषाद, डॉ. उदय चन्द्रवशी, रेवाराम साहू, डेरहाराम, युराम बोधन पटेल, राजाराम, संजयराम, भारत साहू, नकुल चन्द्रवशी, मदन पटेल, तिजाऊ साहू, धनसिग साहू, सुखचरन, शत्रुहन साहू, रामदेव चंद्रवशी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पेंशनर्स एसो. डोंगरगांव की मासिक बैठक 10 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक माह के दूसरे गुरुवार 10 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित की गई है। ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील डोंगरगांव, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, वायके गहरवार प्रवक्ता, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, केशवराम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तोरणलाल साहू सचिव, मनबोधीराम माली कोषाध्यक्ष, डोल कुमार देवांगन उपकोषाध्यक्ष, जीआर अहीर उपाध्यक्ष, नंदकुमार श्रीवास्तव संगठन सचिव, कृष्णालाल साहू संगठन सचिव, शोभित साहू संगठन सचिव, नंदलाल साव कार्यकारिणी सदस्य ने पेंशनर साथियों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग करने अपील की है।

### छपारा स्कूल में पालक सम्मेलन आयोजित

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला छपारा में द्वितीय पालक मेगा बैठक आयोजित किया गया। स्वागत के बाद प्रधान पाठक मदन मंडावी ने बैठक की



विशेषता, उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पालकों के समक्ष न्योता भोज, जादुई पिटारा, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियां, मेरा कोना का महत्व, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नवाचार की आवश्यकता आदि के बारे में बताया। शिक्षक लोकनाथ कंवर ने पहली से पांचवी तक के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। शिक्षक उगेश धुर्वे ने बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश किया। बैठक में सावित्री साहू, जितेंद्र गेंडरे, ढालचंद कोसा, राजकुमारी यादव, दुर्गा साहू, खेमू पटेल, दशरीबाई विश्वकर्मा, रामावतार वर्मा, मालती कोसा, हरिराम, परदेसी, अक्तू, मानराम, उमेशराम साहू, राम बाबूलाल कोसा, उत्तम साहू, ईश्वरराम, हृदयराम, महेश रतिराम, रामबाई, कलीबाई, अज्जू, हेमिन, ललिता, रुक्मणी, रुहेला साहू, अर्जुन वर्मा, विशाखा यादव, बसंतीन सहित अन्य मौजूद थे।

## विजयादशमी के पूर्व प्रतिमा अनावरण करने की मांग

# प्रतिमा अनावरण, समर्थक और कांग्रेसी मिले कलेक्टर से

## कांग्रेसियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर रखी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सालभर से कपड़ों और पालीथिन मे लिपटी राजा देवव्रत सिंह के प्रतिमा अनावरण को लेकर कांग्रेसियों ने राजकुमारी शताक्षी सिंह के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर विजयादशमी के पूर्व अनावरण कार्यक्रम तय करने कहा। राजा देवव्रत सिंह के कट्टर समर्थकों साथ कलेक्टारेट पहुंची शताक्षी सिंह ने कहा कि उनके पिता राजा देवव्रत सिंह रियासत से लोगों से काफी प्रेम करते थे।

राजा और रियासत को लेकर क्षेत्र की जनता बेहद भावुक है लेकिन अफसोस की बात है कि कांग्रेस शासन काल मे सिविल लाइन मे स्थित उनके पिता की प्रतिमा सालभर से कपड़ो और पालीथिन में लपटेकर रखी हुई है। उन्होंने कहा कि यह बेहद पीड़ाजनक स्थिति है कि सबके साथ पूरे जीवन सद्भाव रखने वाले उनके पिता राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण सालभर से नही हो पाया है।

मौजूद कांग्रेसियों ने पूरे वाकिए को काफी पीड़ादायक बताते हुए कहा कि राजा का दुनिया छोड़कर जाना आज उतना दुख नही दे रहा जितना दुख उनके निधन बाद प्रतिमा को मैले कुचले कपड़ों में लिपटे देखकर हो रहा है।



### मैले कपड़ों में लिपटी प्रतिमा को देखकर होता है दुख

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को राजकुमारी शताक्षी सिंह, भवानी बहादुर सिंह, शाहिद भाई, रुपेश दुबे, सूर्यकान्त जैन, संजू सिंह चंदेल, धीरज मेश्राम, लाल धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप शर्मा, लोकनाथ भारती, कन्हैया सिंह बैस, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, गुलशन तिवारी, जितेन्द्र सिंह गौर, कपिनाथ महोबिया, दीपक देवांगन सहित अन्य ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा के प्रयास से जिला मुख्यालय में स्व. राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृति पश्चात नपा परिषद द्वारा ठेकेदार के माध्यम से देवव्रत सिंह की आदमकद प्रतिमा बनाकर सालभर से सिविल लाईन चौक में स्थापित किया गया है, लेकिन उसका लोकार्पण अथवा अनावरण आज तक नपा ने नहीं कराया है जबकि ठेकेदार द्वारा काम पूरा कर नपा को हैंडओवर कर दिया गया है। प्रतिमा को कपड़े व पालिथिन से लपेटकर रखा गया था सालभर के लंबे अंतराल मे दुबारा कपड़ो के उपर कपड़ा नही लपेटा गया जिसके चलते प्रतिमा मैले कुचले कपड़ो मे लिपटी है जिससे उनका अपमान हो रहा है और क्षेत्रवासियो मे प्रशासन के प्रति आकोश बढ़ता जा रहा है। दशहरे के दिन क्षेत्रवासी परंपरानुसार राजा का दर्शन करने शहर आते है, ऐसी स्थिति में पर्व पूर्व प्रतिमा का अनावरण किया जाना जनता की भावना के अनुरूप और राजा देवव्रत सिंह के सम्मान को देखते हुए आवश्यक है।

### दशहरे तक का दिया समय

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि स्व. राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा को जल्द अनावरण करने पूरे जिले में 2 अक्टूबर को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था जिसमे पांच हजार से अधिक लोगों ने समर्थन दिया है। हस्ताक्षर की कॉपी को कलेक्टर को सौंपते हुए उन्होंने कहा कि स्व. प्रतिमा का अनावरण दशहरे से पूर्व नवरात्रि के दौरान प्रशासन द्वारा किया जाए अथवा क्षेत्रवासी व राज परिवार समर्थकों द्वारा मजबूरी वश दशहरे के दिन सिविल लाईन में स्थापित प्रतिमा का अनावरण विधायक की उपस्थिति में स्व. राजा देवव्रत सिंह के सुपुत्र और वर्तमान राजा आर्यव्रत सिंह व राजकुमारी शताक्षी सिंह के हाथों अनावरण किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की रहेगी। इस दौरान लाल अमित सिंह, नित्यशरण सिंह, रिंकू गुप्ता, पलाश सिंह, सुदेश सिंह, हेमंत वैष्णव, प्रबल खत्री, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गुड्डा, भरत चंद्राकर, अरुण भारद्वाज, दिलीप लहरे, मंशाराम सिमकर, प्रबल खत्री, शेखर दास वैष्णव, सूर्यकान्त यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### नियमतः अनावरण कराया जाएगा

अनावरण को लेकर जनभावनाओ के अनुरूप कार्य किया जाएगा। नियत तिथि से पहले नियमत: अनावरण का कार्यक्रम तय करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। - **चंद्रकांत वर्मा,** कलेक्टर

### तैयारी पूरी है

अगस्त महीने में आयोजित नपा परिषद की विशेष बैठक मे प्रभारी मंत्री से अनावरण कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ है। अनावरण कार्यक्रम को लेकर नपा की तैयारी पूरी है। तिथि तय होते ही अनावरण हो जाएगा।- **प्रशांत शुक्ला,** सीएमओ

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं नाबालिग को भगा ले जाने में सहयोग करने वाले बोलेरो वाहन चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी मोहारा क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 19 सितंबर को पुलिस चौकी मोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी मोहारा में धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी से नाबालिग बरामद

पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी नाबालिग पीड़िता को हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत रखा है। जानकारी मिलने पर तत्काल टीम रवाना किया गया। नाबालिग बालिका को आरोपी जगदेव वर्मा 24 साल साकिन रेंगाकठेरा के कब्जे से बरामद किया गया।

### वाहन जब्त

आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को वैध संरक्षण से भगाकर ले जाने एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार करने से प्रकरण में धारा 64(2)(ड) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जब्त कर चालक सहयोग करने वाले आरोपी अजय वर्मा 22 साल निवासी झंडा तालाब को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### आयुक्त ने कराया एफआईआर

**राजनांदगांव।** नगर निगम कार्यालय टाउन हाल के आयुक्त कार्यालय, कार्यपालन अभियंता व उप अभियंता कार्यालय, लोककर्म, भवन नजूल, स्वास्थ्य विभाग एवं अमृत मिशन कार्यालय में एसी लगाया गया है। एसी में लगे आउटर भाग का कापर वायर एवं अन्य सामग्री अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है एवं एसी के आउटर को क्षतिग्रस्त किया गया है। जिससे नगर निगम को लगभग 2 लाख रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। एसी के आउटर का कापर वायर एवं अन्य सामग्री चोरी होने तथा आउटर को क्षतिग्रस्त करने पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के पास अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई करने एफआईआर दर्ज कराई है। जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो तथा इस प्रकार के अपराध में अंकुश लग सके।

## वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा से तलवार चोरी, समाज ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल रोड पर स्थापित वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा से तलवार चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसके बाद समाज के लोगों ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर तलवार चोरी करने वाले अज्ञात तत्वों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा से असामाजिक तत्वों द्वारा तलवार चोरी किए जाने के मामले को लेकर समाज के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी समाज का गौरव है। उनकी प्रतिमा के हाथों से तलवार चोरी होने से समाज के लोग उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे असामाजिक तत्वों के लोग हो सकते हैं या किसी ने जानबूझकर ऐसी हरकत की है, ऐसे अपराधी को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए अन्यथा समाज द्वारा आंदोलन किया जाएगा।



### धातु से निर्मित तलवार

रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा में अज्ञात आरोपी द्वारा तलवार को निकालना व तोड़फोड़ भी की गई है। प्रतिमा में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के हाथों में तांबे से निर्मित तलवार थी। आरोपी द्वारा तांबे की चोरी के उद्देश्य से इस तलवार को निकाला जाना प्रतीत होता है। प्रतिमा से तलवार चोरी के मामले को लेकर समाज के लोगों में खासी नाराजगी है।

### समाज के लोगों ने दिया अल्टीमेटम

इस मामले से आक्रोशित लोधी समाज के लोगों ने समाज के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन देकर पुलिस से 3 दिन के भीतर इस मामले में आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है। समाज के लोगों को विश्वास में लेकर कार्रवाई नहीं करने पर थाना का घेराव करने की चेतावनी भी दी गई है।

## मजदूरों का प्रदेश अधिवेशन 6 को

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ से सबद्ध छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन 6 अक्टूबर को भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यालय न्यू चगोराभांठा रायपुर में आयोजित किया गया है। अधिवेशन दोपहर 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। अधिवेशन का उद्घाटन भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंहदेव व प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे करेंगे।

भामसं के जिला मंत्री व निर्माणी मजदूर संघ जिला राजनांदगांव के महामंत्री नरेश कुमार साहू ने उक्ताशय की जानकारी देते बताया कि प्रदेश में इन दिनों निर्माणी मजदूरों की माली हालत दयनीय बनी हुई है। निर्माणी मजदूरों के कल्याण के लिए बनाए गए कर्मकार मंडल की गतिविधियां प्रदेशभर में शून्य हो रही है। वांछित मजदूरों का न तो समय पर पंजीयन हो पा रहा है और न ही पंजीकृत मजदूरों को योजनाओं का समय पर लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे प्रदेश के निर्माणी मजदूरों में आक्रोश है।

## जंगलपुर का प्रोजेक्ट राज्य स्तर में तृतीय स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

नीति आयोग भारत सरकार, बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और अटल टिंकरिंग लैब के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बिलासपुर में आयोजित अटल टिंकरथान-2024 राज्य स्तरीय विज्ञान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शा.उ. माध्यमिक शाला जंगलपुर के प्रोजेक्ट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। शाला के प्रभारी प्राचार्य पूनाराम यादव के दिशा-निर्देशन तथा व्याख्याता सुरेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र जयप्रकाश साहू (12वीं), चंद्रशेक सिन्हा (10वीं) और रूद्रशेक सिन्हा (10वीं) ने सस्टनेबल डेवलपमेन्ट एंड क्लाइमेट चेंज थीम पर एक प्रोजेक्ट का निर्माण किया था।

उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगाव जिले से शा.उ.मा. शाला जंगलपुर के आलावा शा.उ.मा.शाला सोमनी, शा.उ. मा. शाला बीजेभाठा और वेसलियन हिन्दी माध्यम उ.मा.शाला राजनांदगाव सहित छत्तीसगढ़ के 276 शासकीय और निजी स्कूलों के प्रतिभागियों ने अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया था।

प्रोजेक्ट निर्माण में एचएल चतुर्वेदी व्याख्याता शा.उ.मा.शाला आसरा का सहयोग प्राप्त हुआ। शाला के प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य खरे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी पीआर झाड़े, जिला अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी एपीसी आदर्श वासनिक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे, विद्यालय के शिक्षक तथा ग्रामवासियों शुभकामनाएं दी है।

## ग्रामीण इलाके से भाजपा सदस्यता अभियान की शुरूआत

# अभियान : तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। गांव-गांव तक भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर इस अभियान से जुड़कर भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में भाजपा नेता परवेज अहमद द्वारा राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण इलाके में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को इस सदस्यता अभियान के तहत ठाकुरटोला इलाके के महुआभाठा व फरहद में ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस महापर्व पर सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले में सदस्यता अभियान में रिकॉर्ड बनाने का आह्वान किया है। सांसद संतोष पांडे ने हर घर तक पहुंचकर नए सदस्यों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और संगठन को मजबूत बनाने का मंत्र दिया है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने नए सदस्यों का भाजपा के इतिहास से भी परिचय कराया। उन्होंने कहा कि यह पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे पुराधाओं की विरासत है। हम सभी का सौभाग्य है कि हम ऐसे राजनीतिक दल के सदस्य हैं। जिसकी जड़ें हमारी संस्कृति, संस्कार और समृद्ध विचारधारा से जुड़ी हुई है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सूर्यकांत भंडारी, ग्रामीण मंडल सदस्य चंदन कश्यप, महुआभांठा सरपंच गुंजा साहू, बूथ अध्यक्ष अनिल यादव, मनोज यादव, अमर सिंह सोनवानी, कमल किशोर साहू, महेंद्र मंडावी, फरहद सरपंच हिमेश्वरी जांगड़े, दक्षिण मंडल संयोजक विशाल शर्मा, दक्षिण मंडल सहसंयोजक आईटी सेल हर्ष अग्रवाल, विमल ठाकुर, शरद ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### दस वर्षों में विकास के सोपान किए हैं तय

सदस्यता अभियान कार्यक्रम को पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने संबोधित करते कहा कि भाजपा की विचारधारा का मुख्य स्तंभ संस्कृति संपन्न विकासशील भारत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने ही विगत दस वर्षों में विकास के ऐतिहासिक सोपान तय किए हैं। भाजपा का हर सदस्य उनसे और उनके नए भारत के संकल्प से सीधा जुड़ा हुआ है।

### गर्व का विषय

भाजपा नेता परवेज अहमद ने सदस्यता लेने वालों का स्वागत करते कहा कि आप विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक समूह का हिस्सा बन चुके हैं। यह अपने आप में गर्व का विषय है कि आप उस दल का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी जैसे कर्मयोगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 15 सालों तक डॉ. रमन सिंह की अगुवाई में अपनी छाप देशभर और विश्व में छोड़ी थी। अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन उस यात्रा को आगे लेकर जा रहा है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024





### यहां मन्नते पूरी करने दूर-दूर से पहुंचते है श्रद्धालु

# तीन तालाबों के समीप मां राज राजेश्वरी काली का सजा भव्य दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा की शक्ति पूजा की ख्याति पूरे भारतवर्ष में फैली हुई है। नगर की पूर्व दिशा में तीन तालाबों के समीप मां राज राजेश्वरी काली का भव्य दरबार सजा हुआ है। जब भी आप काली मंदिर दर्शन के लिए आए तो मंदिर की विशेषताओं को जरुर जानें।

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्वाभिमुख मंदिर परिषर में दो प्रवेश द्वार उत्तर और पूर्व में हैं। पूर्व प्रवेश द्वार के सामने पश्चिमाभिमुख विशालकाय महादेव की प्रतिमा स्थापित की गई है। उनके दर्शन के पश्चात जब हम मंदिर परिसर में प्रवेश करते हैं तो देखें कि प्रवेश द्वार की निर्माण शैली ऐसी है कि प्रवेश करते समय आपका सिर स्वयमेव झुक जाएगा। परिषर में प्रवेश करते समय देववृक्ष पीपल तले श्री कृष्ण की मोहक मूर्ति एवं शिवलिंग के दर्शन करते हुए आप दूसरी बार झुकेंगे। परिसर में प्रकृति पूजन हेतु बिल्व वृक्ष, पारिजात, अपराजिता के पौधे मिलेंगे। परिसर का मुख्य आकर्षण अक्षय वटवृक्ष है जिसकी शीतल छांव तले पूर्व दिशा में उमा महेश्वर की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन होते हैं, दक्षिण की ओर मुख किए अष्टभुजी दुर्गा के दर्शन होते हैं यहीं एक प्राचीन शिलालेख है। पश्चिम दिशा में काल भैरव, शिवलिंग और नरसिंग देव के दर्शन होते हैं, उत्तर दिशा में रिच्छिन दाई की प्रतिमा है इसकी मान्यता है कि बच्चा ज्यादा रोता है तो इन पर मुर्रा लाई चना चढ़ाने से वह रोना बंद कर देता है।

इतिहासकार श्री श्रीवास्तव के अनुसार अब आपका प्रवेश मुख्य मंदिर में होने जा रहा है, कुछ पल माता के प्रवेशद्वार की भव्यता और आकर्षण को निहारें फिर पीतल की बड़ी घंटी को बजाकर माता को सूचित करें की आप दर्शन के लिए लालायित हैं, यहां पर आपका सिर तीसरी बार झुकता है और सामने मोहक, ऊर्जायुक्त और आध्यात्मिकता से भरपूर दरबार सजा हुआ है।

#### 30 वर्षों से प्रज्जवलित अखंड ज्योति के दर्शन होंगे



इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि मां काली की अपार शक्ति उत्सर्जित करती हुई काले ग्रेनाईट की प्रतिमा विराजित है जिस पर से दृष्टि का हटना नामुमकिन है। माता चतुर्भुजी हैं और तीन स्वरूपों में मां महाकाली, मां महालक्ष्मी व मां महासरस्वती का अद्भुत रूप है, दाहिने हाथ में त्रिशूल, बाएं हाथ में सहस्त्रदल कमल, नीचे हाथ में कमंडल और नीचे दाहिने हाथ में माला धारण किये हैं मां के सीने में वृश्चिक अंकित हैं। मंदिर में दो परिक्रमा पथ है पहला गर्भगृह के बाहर जिसमें परिक्रमा करते हुए आपको माता के नौ रूपों तथा 30 वर्षों से प्रज्जवलित अखंड ज्योति के दर्शन होंगे। दूसरा परिक्रमा पथ गर्भगृह में जहां उतरने पर आपका सिर चौथी बार स्वयं झुक जाएगा इस तरह चार बार शीश अपने आप झुकता है। दो तलों वाले इस मंदिर का ऊपरी तल साक्षात कैलाश है जहां द्वादश ज्योतिर्लिंगो के साथ महाशिवलिंग एवं गणेश के दर्शन होंगे। परिसर के दक्षिणी भाग में दो मंजिला ज्योति कक्ष एवं पुष्प कुञ्ज बना हुआ है। विगत 45 वर्षों से दीवाली की मध्य रात्रि मां काली की भव्य महाआरती की जाती है। माता काली इतनी प्रत्यक्ष हैं की आप अपनी मनोकामना दर्शन करते समय मां के सम्मुख व्यक्त करें माता उन्हें अवश्य पूरी करती हैं। दोनों नवरात्रि में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। कवर्धा नगर की पूर्व दिशा से आने वाली विपदाओं की रक्षक हैं।

# डिप्टी सीएम ने प्रतिभागी राधिका साहू को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- प्रशस्ति व प्रमाण पत्र पाकर स्कूली छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



स्वच्छता ही सेवा अभियान विषय पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला के प्राचार्य एनपी तिवारी व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी केदार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में श्रीमती भाना ध्रुव व रजनीश श्रीवास्तव द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन शाला स्तर पर कराया गया, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से जिला स्तर पर 3 निबंधों का चयन कर भेजा गया था।

जिसमें खैरबना कला की छात्रा राधिका साहू नें शानदार प्रदर्शन कर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया व स्वामी करपात्री आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में विजेताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित हेतु कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में रोहित बिसेन, वायआर कपिल, अर्चना वैष्णव, गीता ओईका, मनीषा शर्मा व शाला परिवार का सराहनीय योगदान रहा। वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा के हाथों से प्रशस्ति व प्रमाण पत्र पाकर स्कूली छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## पब्लिक स्कूल में स्वच्छता की शपथ दिलाई




**हरिभूमि कवर्धा।** भारत के राष्ट्रपिता, सामाजिक कार्यकर्ता, लेखक और ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेणरता महात्मा गांधी जयंती श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिसमें विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन उनके तैलचित्र का पूजन-अर्चना कर वैष्णव जन का सस्वर गायन साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार जारी परिपत्र से सभी बच्चों को एक साथ स्वच्छता हेतु शपथ दिलाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने सर्वप्रथम अपने घर, गांव व गली मोहल्ले की स्वच्छता स्वयं करने व दूसरों को प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में विद्यालय एवं आसपास के जगहों में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस अभियान में पॉलीथीन, सूखा कचरा आदि का संग्रहण करके उसे भस्मीकृत किया गया साथ ही साथ लोगों से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता के लिए अपील की गई । इस परिपेक्ष्य में संस्था के निदेशक डॉ आदित्य चन्द्रवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय अभियान है, जिसके तहत लोगों से गांधी जयंती के दिवस पर स्वच्छता हेतु अपील की गई।

## खबर संक्षेप

### नपं पाण्डातराई में महात्मा गांधी जयंती मनी



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में महात्मा गांधी जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही साथ नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्डो में साफ-सफाई किया गया। इस दौरान मुख्य नगर पंचायत अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सहित अधिकारी-कर्मचारी व नगरवासी गण उपस्थित थें।

### बीजाझोरी के ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं की बांट जोह रहें



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय कवर्धा अंतर्गत स्थित ग्राम बीजाझोरी के ग्रामीणों व रहवासियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है, ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पक्की सड़क व पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में ग्राम बीजाझोरी के ग्रामीणों को राशन लाने-ले-जाने में सुविधा नहीं मिल रही है वहीं आवाजाही बाधित तथा दूसरे ग्राम पंचायत के आश्रित ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं नही मिल पा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्राम बीजाझोरी के ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकवा शिकायत के बाद भी स्थिति जस के तस बनी हुई है। ग्राम में पक्की नाली व पक्की सड़क के अभाव ग्राम कीचड़ से लथपथ व बिजली, पानी सड़क, सेहत तथा शिक्षा स्वच्छता जैसे सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को जुझना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई ताकि ग्राम बीजाझोरी के ग्रामीणों व रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

# कांग्रेस के न्याय यात्रा में शामिल हुए लाल बहादुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के कुशासन को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेंटी द्वारा गुरु घासीदास बाबा की तपोभूमि धाम गिरौदपूरी से 27 सितंबर को प्रारम्भ हुई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह न्याय यात्रा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर संपन्न हुई।



इस न्याय यात्रा लाल बहादुर चन्द्रवंशी ने कहा यह यात्रा छत्तीसगढ़ में हो रहे अपराध को रोकने भाजपा की सरकार को जगाने के लिए आम नागरिकों के हित मे निकाली गई है, जो बलौदा बाजार में सतनाम समाज के जैतखाम को ध्वस्त कर उनके आस्था को ठेस पहुंचाया और निर्दोष लोगों को जेल में डाला गया है यह सरकार की नाकामी है, श्री चन्द्रवंशी ने कहा भाजपा सरकार में आम लोग सुरक्षित नहीं है प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट की घटनाएं आम बात हो गई है व लोहारडीह की घटना पूरे छत्तीसगढ़ जल रहा है अभी तक जो दोषी है उनको सजा नहीं मिल पाई है वहीं अपराधी को सजा देने मे सरकार की विफलता दिखाई दे रही है, जिनकी मृत्यु हुई है उनके परिवार को सहायता नाम पर सरकार सहायता राशि भी नहीं दे पा रही उनके परिवार को 1 करोड़ राशि दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि भाजपा हिंसा पर राजनीति करती है सिर्फ किसी की जान की कीमत को वोट के लिए इस्तेमाल करती है साथ ही साथ पुलिस अभिरक्षा में हुए मृतक प्रशांत साहू के मां को कवर्धा विधानसभा से टिकट दे तथा कवर्धा जिला को शांति का टापू बोल ने वाले यही भाजपा के नेता थे आज कवर्धा जिला अपराध के नाम से चर्चित हो रहा है अभी हाल में ही डिप्टी रेंजर को रेत माफीयाओ द्वारा जानलेवा हमला किया गया बंधक भी बनाया वीडियो बनाकर वायरल किया जा रहा है यह किसकी कमजोरी है, कवर्धा जिले के प्रशानिक कर्मचारी सुरक्षित नहीं है तो आम जन कैसे करे, कवर्धा जिले के बिरनपुर में एक युवक द्वारा हत्या की गई तीन लोगों को भी घायल किया गया ये सरकार की नाकामी है अगर गंभीरता से मामले नहीं लिया गया तो और भयावह होगी।

## मां दुर्गा पंडाल में विविध प्रतियोगिता



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां महामाया व मां शीतला मंदिर में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। वहीं मां महामाया, जय-बूढ़ा व शारदा समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित किया गया। वहीं ग्रामोचार्य द्वारा विधि-विधान से नवरात्रि में मां दुर्गा की भव्य पूजा-अर्चना किया जा रहा है। वहीं ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र जिसमें ग्राम धनेली, भगतपुर, पीपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, बसनी, कुआंमालगी में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण व भक्तजनों द्वारा 9 दिन तक अलग-अलग कार्यक्रम समितियां जिसमें मेहंदी, रंगोली, डांस, गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं ग्रामीण व भक्तजन सुख-शांति व समृद्धि के लिए माता रानी से मनोकामना आशीर्वाद प्राप्त कर रहें है।

# भगतपुर में छात्र छात्राओं ने साफ-सफाई कर स्वच्छता की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में मंगलवार को को स्वच्छता शपथ लिया गया, जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा गली-मोहल्ला को साफ-सुथरा रखने संकल्प लिया गया।

ग्राम पंचायत भगतपुर सरपंच श्रीमती बुधन बाई धुर्वे की उपस्थिति में शपथ लिया गया वहीं संस्था प्राचार्य रामकुमार कौशिक द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में बताया गया कि विद्यार्थियों को साफ-सफाई के फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती बुधन बाई, प्रधान पाठक दिलीप खाण्डे, प्राचार्य रामकुमार कौशिक, व्याख्याता श्रीमती शकुन चंद्रवंशी, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी, राजकुमार साहू एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।







## प्रदेश में घटित हो रही अपराधिक गतिविधिया चिंता का विषय

# कांग्रेस की न्याय यात्रा पीड़ितों, शोषितों, वांचितों की आवाज को बुलंद करने वाली यात्राः योगेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की न्याय यात्रा गिरौदपुरी से अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 27 सितंबर से कांग्रेस ने छः दिवसीय छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा का शुभारम्भ गिरौदपुरी धाम से पूजा-अर्चना के साथ किया। इस यात्रा की शुरुआत में युवा नेता योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा बचपन मे हम लोग महात्मा गांधी की यात्रा के बारे मे पड़कर बड़े हुए अंग्रेजों और अन्याय के खिलाफ महात्मा गांधी ने अनेको यात्राएं किए और उस यात्रा से महात्मा गांधी ने क्या हासिल किए थे, युवा नेता योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा की छत्तीसगढ़ में यह छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में हमें यात्रा का करने का सौभाग्य मिला।

उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरुआत कर इस राज्य के बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के खिलाफ है, प्रदेश की भाजपा सरकार आम आदमी को सुरक्षा दे पाने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश में महिलाएं, युवतियां सुरक्षित नहीं है, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से प्रदेश चिंतित है। राज्य में आदमी जिंदा जलाए जा रहे है। एसपी, कलेक्टर कार्यालय में आग लगाई जा रही, पुलिस और सरकार आम आदमी को सुरक्षा दे पाने में नाकाम साबित हुए है। दुर्भाग्य जनक है कि सरकार आपराधिक घटनाओं को रोकने के बजाय उसमें लीपा-पोती और पर्दा डालने में लगी है। बलौदा बाजार में निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी की गई।

कवर्धा के लोहारीडीह में पुलिस के सामने एक व्यक्ति को घर में जला दिया गया। एक की पुलिस प्रताड़ना से मौत हो गई, भाजपा सरकार ने पुलिस को उसके मूल काम से हटा कर षड्यंत्र में लगा रखा है। इस न्याय यात्रा का उद्देश्य जनता की तकलीफ को आवाज देना है, हम गूंगी बहरी सरकार को जगाना चाहते है। जब तक छत्तीसगढ़ का एक भी नागरिक असुरक्षित है हम चुप नहीं बैठेंगे। इस यात्रा में प्रमुख रूप से कौशल, मतिन खान, पदुम कोठारी, वेदप्रकाश चन्द्राकर, पवन चन्द्राकर, किशन चन्द्राकर, अंकित निर्मलकर सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



## किराये पर मिल रहे प्रधानमंत्री आवास, हितग्राही ही वसूल रहे किराया!

# पीएम आवास के मकान को किराये में देकर झोपड़ी में रह रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय योजना के तहत सरकार द्वारा आबंटित पक्के मकानों को किराये में देकर हितग्राहियों के स्वयं झोपड़ी में रहने की कहानी टैक्स फ्री फिल्म नायक के एक सीन में दिखाया गया था, लेकिन इस कहानी को हकीकत में राजनांदगांव शहर के रेवाडीह में आबंटित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही चरितार्थ कर रहे हैं। यहां शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना से आबंटित मकान को अधिकांश हितग्राहियों ने दूसरे प्रदेशों से आए लोगों को किराये पर दे दिया है और स्वयं तालाब किनारे किए गए अतिक्रमण में रह रहे हैं।

शहर के रेवाडीह क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकान को व्यवस्थापन के तहत बल्देवबाग क्षेत्र के मोती तालाब पार निवासियों को आबंटित किया गया था। नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से इन हितग्राहियों को मकान तो दे दिया गया, लेकिन उनके अतिक्रमण को हटाने में निगम के अधिकारी नाकाम रहे। नतीजा यह रहा कि तालाब पार में अतिक्रमण बरकरार रहा। वहीं रेवाडीह में भी अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान मिल गया। ऐसे में अधिकांश हितग्राही रेवाडीह के मकान में न रहते हुए अपने अतिक्रमण पर ही रह रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों को उन्होंने किराये पर दे रखा है। लगभग 4 वर्ष पूर्व नगर निगम द्वारा व्यवस्थापन के तहत आबंटित किए गए इन मकानों में चंद हितग्राही ही गए और अधिकांश हितग्राहियों ने अपने मकान को 2-3 हजार रुपए मासिक किराये पर अन्य लोगों को दे दिया है।

### निगम की जांच में होगा खुलासा

किराये पर मकान देने की शिकायत कई बार यहां रहने वाले अन्य लोगों ने नगर निगम से की है, लेकिन निगम द्वारा यहां रहने वाले लोगों का सत्यापन नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते किरायेदारी का चलन बढ़ गया है। यहां निगम द्वारा वास्तविक हितग्राहियों का सर्वे करने से कई खुलासे होंगे।



### असामाजिक तत्वों से परेशान

रेवाडीह क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना में रह रहे कुछ हितग्राही यहां असामाजिक तत्वों से परेशान हो गए हैं। अधिकांश हितग्राहियों ने अपने मकान को बिना पड़ताल के किराये पर दिया हुआ है। वहीं कई खाली मकान में लोग कब्जा करते ताला तोड़कर भी निवास कर रहे हैं। ऐसे में यहां के मकान असामाजिक तत्वों का डेरा बन रहा है। जिससे यहां रहने वाले हितग्राही परेशान हैं।

### दूसरे प्रदेशों के किरायेदार

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने इन मकानों को हितग्राहियों ने पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार क्षेत्र से आए लोगों को किराये पर दिया हुआ है। नियम अनुसार हितग्राही द्वारा किसी और को इन मकानों को किराये पर नहीं दिया जा सकता है।

### पुलिस की कार्रवाई में पुष्टि

प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित इन मकानों को हितग्राही बिना पुलिस की सूचना के ऐसे लोगों को किराये पर दे दिए हैं, जो असामाजिक प्रवृत्ति के हैं। गुरुवार को लालबाग पुलिस की कार्रवाई में इस बात की पुष्टि हुई है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित जी-ब्लॉक के रूम नंबर 3 के हितग्राही ने मध्यप्रदेश के जबलपुर से यहां आकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर आरोपियों को किराये पर दिया हुआ था।

### निगम को नहीं मिल रही किस्त

शहर के रेवाडीह क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों को व्यवस्थापन के तहत नगर निगम द्वारा 75 हजार रुपए की राशि में हितग्राहियों को आबंटित किया गया है। शुरूआत में हितग्राही से 10 हजार की राशि ली गई है। वहीं शेष राशि हितग्राहियों को किस्त के रूप में अदा करनी है, लेकिन इनमें से अधिकांश हितग्राही निगम को किस्त की राशि अदा नहीं कर रहे हैं। वहीं अपने मकान को किराये पर देकर स्वयं किराये की वसूली कर रहे हैं।

### होगी कार्रवाई

प्रधानमंत्री आवास योजना से आबंटित आवास को किराये में देना गलत है। जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

**- यूके रामटेके,** कार्यपालन अभियंता, नगर निगम

---

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरूप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रूप का पूजन होता है। माता का यह रूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि-विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं, उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रूप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

---

## बैंक से निकाला था पैसा

# वाहन की डिक्की से उठाइगिरी, जांच शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दो स्थानों पर दुपहिया वाहन के डिक्की से नगदी रकम की उठाईगिरी की घटना होने से सनसनी फैल गई है। इस मामले की सूचना पर पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नए बस स्टैंड के सामने स्थित होटल के सामने दुपहिया वाहन की डिक्की में रखे नगदी रकम 50 हजार रुपए को अज्ञात आरोपी ले उड़े। बताया गया कि फरहद निवासी प्रार्थी डोमन लाल पास के ही बैंक से 30 हजार रुपए नगदी निकाला था। 20 हजार रुपए उसके पास पहले से ही था।

### दूसरी घटना रामाधीन मार्ग में

इस घटना को कुछ ही देर हुए थे कि दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग 2 बजे रामाधीन मार्ग में हुई। बताया गया कि अन्य व्यक्ति ने बैंक से 30 हजार रुपए निकाले थे, जिसे बाइक की डिक्की में रखकर वह पुनः बैंक गया था, जब वापस लौटा तो डिक्की से नगदी रकम अज्ञात चोरों ने पार कर दिए थे। इधर इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी सहित पुलिस स्टाफ पहुंच गए थे, जिन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला। पुलिस को आशंका है कि अज्ञात आरोपियों का गिरोह बाहर के हो सकते हैं। त्यौहारों के दौरान शहर के व्यस्ततम इलाके में इस तरह की घटना होने से सनसनी फैल गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

---

### निषाद समाज की बैठक 6 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है।

---

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया महाराष्ट्र, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथे ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने अपहता नाबालिग को महाराष्ट्र से आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी द्वारा 30 सितंबर को थाना छुरिया उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की 15 साल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना छुरिया में धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को वैध संरक्षण से भगाकर ले जाने एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार करने से प्रकरण में धारा 65 (1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, सउनि सत्तूलाल कंवर, आरक्षक अश्वन वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, महिला आरक्षक कुसुम एक्का की सराहनीय भूमिका रही।

### नाबालिग बरामद

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया पुलिस अपहृत नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी, जो मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी नाबालिग पीड़िता को थाना पुराडा महाराष्ट्र क्षेत्र अंतर्गत रखा है। जानकारी मिलने पर तत्काल टीम रवाना किया गया। नाबालिग बालिका को आरोपी लोकेश 19 साल साकिन बालोद के कब्जे से बरामद किया गया।

---

### नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग लड़की से स्कूल के अंदर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अक्टूबर को प्रार्थिया ने थाना में अपने नाबालिग बेटी के साथ किसी बाहरी लड़के द्वारा स्कूल के अंदर घुसकर छेड़खानी करने पर मना करने से आरोपी द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट कराने पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना की जांच कर आरोपी की पता तलाश कर 3 अक्टूबर को आरोपी भूपेन्द्र यदु 23 साल को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर 4 अक्टूबर को जेल भेजा गया है। थाना डोंगरगांव पुलिस की विवेचना कार्रवाई सराहनीय रहा है।

---

# नौकरी लगाने के नाम पर 13 लोगों से 13 लाख की धोखाधड़ी, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

- खुद को बताया महिला अधिकारी, गंडई थाना में की गई शिकायत

गंडई थाना में एक महिला द्वारा खुद अधिकारी बताकर नौकरी लगाने के नाम पर लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों से 13 लाख 20 हजार रुपए धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस धोखाधड़ी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र लोधी पिता रोहितराम निवासी गंडई पंडरिया ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी गीताजंलि टंडन पिता लक्ष्मण टंडन निवासी वार्ड 17 गातापार धमतरी एवं चंद्रकला निषाद पति कमलेश निषाद निवासी गोमची नंदनवन द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर 13 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि गीताजंलि द्वारा फर्जी मंत्रालय अधिकारी बनकर व विभाग का ओरिजनल सील लगाकर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। कुछ दिन पहले उसके पास चंद्रेश निषाद आया और अपने मौसी-मौसा चंद्रकला निषाद और कमलेश निषाद का नौकरी में नाम आने वाले लिस्ट को दिखाकर फॉरेस्ट बाबू के आठ पद खाली होने का हवाला दिया। चंद्रकला व कमलेश निषाद ने गीतांजलि पिता लक्ष्मण टंडन से मिलवाया। गीतांजलि खुद को एक सरकारी कर्मचारी बताई। सरकारी आईडी दिखाया और फॉरेस्ट बाबू के 8 पद के लिए गीतांजलि ने 16 लाख 20 हजार रुपए ले लिए। इस दौरान कुछ दिन बाद ज्वॉइनिंग लेटर आने का हवाला दिया गया। सत्यापन करके महिला एवं बाल विकास विभाग का ओरिजिनल सील हस्ताक्षर करवाकर सत्यापन कॉपी दिए। इसके बाद जानकारी लेने पर नियुक्ति पत्र फर्जी निकला। पुलिस आरोपी गीताजंलि को गिरफ्तार कर लिया है।


---

# छेड़छाड़ व जान से मारने की दी धमकी, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छेड़छाड़ करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी गुलशन देवांगन प्रार्थिया से छेड़छाड़ किया। प्रार्थिया के पति द्वारा गुलशन को फोन कर घर बुलाने पर वह फरसा लेकर घर आया और प्रार्थिया के परिवार वालों को फरसा लेकर जान से मारने के लिए दौड़ाने लगा, जिसे प्रार्थिया व उसकी सास बीच-बचाव किए। आरोपी गुलशन द्वारा थाना में रिपोर्ट लिखवाने पर पति एवं परिवार को जान से मार दूंगा, कहकर धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर धारा 74, 75, 351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने टीम गठित किया। विवेचना के आरोपी गुलशन देवांगन 22 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त फरसा को जब्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया।






**खबर संक्षेप**

## मिनी माता सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला, अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला, संस्था को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पटिट्का सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क कर सकते है। आवेदन पत्र 10 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत कर सकते है।

## फसल क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया की गई प्रारंभ

**कवर्धा।** कृषि वर्ष 2024-25 मौसम खरीफ के लिए किये गये गिरदावरी के आधार पर प्रत्येक के संबंध में राजस्व अभिलेख में अंकित भूमिस्वामी का नाम, भूमि का क्षेत्रफल तथा उस पर ली जा रही फसल विवरण की जानकारी राजस्व विभाग के विभागीय वेबसाईट के अंतर्गत भू-स्वामीवार फसल क्षेत्राच्छादन रिपोर्ट के माध्यम से ऑनलाईन उपलब्ध कराया गया है। यदि उक्त प्रविष्टियां के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 10 अक्टूबर 2024 तक संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण 15 अक्टूबर 2024 तक करते हुए खसरा, पांचसाला तथा सॉफ्टवेयर में 20 अक्टूबर तक अंतिम प्रविष्टि की जायेगी।

## नशे के विरूद्ध जागरुकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन पर जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.एल. भुआर्य के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने कवर्धा शहर के शासकीय हाई स्कूल शक्ति वार्ड के स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल भिक्षावृत्ति, नशा मुक्ति, स्वच्छता ही सेवा का नारा देते हुए जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने किशोर न्याय बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया और बाल भिक्षावृत्ति के संबंध में जानकारी दी।

## 98 छात्राओं को विधायक टेकाम ने बांटी साइकिल

**धनौरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा की छात्राओं का चेहरा विधायक नीलकंठ टेकाम से सरस्वती साइकिल योजना के तहत नई साइकिल पाकर खुशी से खिल उठे। 2 अक्टूबर को केशकाल विधायक धनौरा के विद्यालय पहुंचकर सरकार की सरस्वती साइकिल योजनान्तर्गत 98 छात्राओं को नई साइकिल प्रदान किया । इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य पूर्व जनपद अध्यक्ष पूर्व उपाध्यक्ष सरपंच उपसरपंच पंचगंण तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता और धनौरा एवं आसपास गांव के प्रतिष्ठित जन तथा छात्र छात्राओं के पालक बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**उम्मीद:** क्या मुख्यालय में नहीं रहने वाले कर्मचारियों पर होगा एक्सन?

# कबीरधाम जिले के नए कलेक्टर के तेवर को देख जिलेवासियों को बड़ी अपेक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

कबीरधाम के नवपदस्थ जिलाधीश के सामने जिले की लकवाग्रस्त हो चुकी प्रशासनिक व्यवस्था का समुचित इलाज कर उसे जनापेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए फिर से सक्रिय और चुस्त दुरुस्त बनाना किसी चुनौती से कम नहीं है। जिले की कमान सम्हालते ही नए कलेक्टर श्री वर्मा ने जिस तरह अपने कार्य करने के चाक चौबंद तौर तरीके और सख्त तेवरों का अहसास कराया है उससे सुखद बदलाव की उम्मीद फिलहाल तो नजर आ रही है। पिछले लगभग पांच सालों से जिले की प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी। निष्क्रिय और गैरजिम्मेदार हो चुकी व्यवस्था को देखकर ऐसा लगता था जैसे जिले का सरकारी तंत्र पूरी तरह निरंकुश और कर्तव्य विमुख हो चुका है! जबकि इसके पहले सोनमणी बोरा, मुकेश बंसल, सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पी दयानंद से लेकर अवनीश शरण जैसे नामचीन और लोकप्रिय रहे पूर्ववर्ती कलेक्टरों का बेहतरीन कार्यकाल के साथ उनकी शानदार प्रशासनिक क्षमता को देख चुके जिले वासियों को बीते कुछ सालों में इतना अहसास तो हो ही गया कि प्रशासनिक तंत्र को चुस्त दुरुस्त और जवाबदेह बनाए रखने में एक सक्षम और अनुशासन प्रिय प्रशासनिक मुखिया की मुख्य भूमिका होती है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि पूर्ववर्ती सरकार में पावरफुल माने जाने वाले मो अकबर के कवर्धा विधायक और फिर मंत्री बनने के बाद उनके कद्दावर शख्सियत के आगे जिले की राजनीति ही नहीं बल्कि प्रशासन भी समर्पण की मुद्रा में दिखाई देने लगा। मो अकबर ने प्रशासन को अपने इशारे पर चलने के लिए कभी सीधे दबाव बनाया हो ये कहना तो मुश्किल है अन्यथा इसे उनके समर्थकों द्वारा खड़ा किया गया हौवा कह सकते हैं उस दौरान जिले के प्रशासनिक जंगल का एक भी पत्ता उनके निगाहेकरम के बिना नहीं हिलता था फिर चाहे कितनी भी हवा चलती रहे। जिला कलेक्टर की भूमिका जिला मुख्यालय में होने वाली बैठकों और कार्यालयीन फाइलों के निपटारे तक सीमित रह गई थी। ग्रामीण और वनांचलों में औचक निरीक्षण तथा जन शिकायतों पर कार्यवाही तो दूर सुनवाई भी नहीं होती थी। यहां गौर करने लायक बात ये है कि अकबर के पहले कवर्धा नगर के निवासी डॉ रमन सिंह लगातार पंद्रह वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे लेकिन जिला प्रशासन का स्वतंत्र अस्तित्व अपनी जगह कायम रहा। उस दौरान पूर्व में गिनाए गए तमाम आई ए एस अधिकारियों के आगे भी निश्चित रूप से राजनीतिक दबाव रहा होगा मगर प्रशासन का रवैया इतना निराशा जनक और जिला कलेक्टर का ओहदा इतना कामचलाउ नहीं लगा। बल्कि लालबत्ती वाले कई नेताओं के बावजूद जिला प्रशासन और कलेक्टर का अस्तित्व कम से कम आम जन को कभी कठपुतली जैसा नजर नहीं आया! पूरे जिले में लगातार कलेक्टर के दौरे और औचक निरीक्षण होते रहने से गैर जिम्मेदार अथवा भ्रष्ट कर्मचारी अधिकारियों पर हमेशा दबाव बना रहता था और इससे काफी हद तक लोगों के रोजमर्रा की समस्याओं तथा शिकायतों का समाधान हो जाता था।



### सरकार बदली मगर अमला वही....

गत वर्ष संपन्न हुए विधान सभा चुनावों के बाद प्रदेश में सरकार तो बदल गई लेकिन जिले की व्यवस्था नहीं बदली !प्रशासन तंत्र में नीचे से ऊपर तक वही चेहरे नई सरकार में भी यथावत रहने से व्यवस्था के ढर्रे में कोई बदलाव नहीं आया! जिससे ग्रामीण और वनवासी अंचलों के लोगों को आज भी अपनी छोटी मोटी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों से कोई राहत नजर नहीं आ रही है। उसका वास्ता आज भी उसी अमले से पड़ता है जिसकी अकर्मण्यता और मनमानी से निजात पाने की उम्मीद सरकार बदलने के बाद थी। बहरहाल,जिले में नव पदस्थ प्रशासनिक मुखिया से वनांचल वासियों को उम्मीद है कि नए कलेक्टर अपनी सक्रियता और सतत निगरानी से व्यवस्था में अपेक्षित सुधार के साथ साथ उसे जनसरोकारों के प्रति जिम्मेदार तथा जवाबदेह बनाने में सफल होंगे।

### बीते पांच साल चौपट रही व्यवस्थाएं

बीते चार पांच सालों का समय जिले के प्रशासन तंत्र की गैरजिम्मेदारी और मनमानी के अलावा निष्क्रियता का ऐसा दौर रहा है जिसमें जिसकी लाठी उसकी भैंस के साथ साथ जो मन भाय करै सो सोई के हालात बन गए थे। ग्रामीण और वनवासी अंचलों में स्थिति और भी बदतर है जहां सरकारी तंत्र का कोई भी विभाग ऐसा नहीं है जहां गरीबों और वनवासियों की दैनिक और मूलभूत समस्याओं का कोई सहज समाधान मिलता हो। हर जगह पैसे की भेंट चढ़ाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान तो दूर कोई जवाब देने वाला भी नहीं है।

## छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों से को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष मुरली प्रसाद झारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा से मुलाकात कर मुख्य रूप से आज दिनांक तक के सोया दूध की राशि प्रदान करने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति की राशि जारी करने, मध्यान्ह भोजन की राशि जारी होने पर इसकी जानकारी संकुल समन्वयक को प्रदान करने, संकुल के कोई भी शिक्षक अवकाश हेतु आवेदन बीईओ कार्यालय में देते है तो उसकी जानकारी संकुल समन्वयक को देने, संकुल समन्वयक द्वारा बीईओ कार्यालय आने पर बीईओ कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा उचित व संयमित व्यवहार करने, कोई भी आदेश निर्देश, अधिकारियों द्वारा ही अधिकृत ग्रुप में प्रेषित करने व जानकारी तत्काल के बजाय तीन दिवस के भीतर देने तथा सभी संकुल समन्वयकों को बीईओ कार्यालय से आईडी कार्ड प्रदान करने का मांग की है। श्री झारिया ने बताया कि संघ की इस मांग पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष मुरली प्रसाद झारिया के साथ ब्लॉक अध्यक्ष नारायण प्रसाद त्रिपाठी, मुरित राम खरे, रामसिंग साहू, देवेंद्र पाण्डेय, राजकिरण चंद्रवंशी, मनोज साहू, रेखुराम भट्ट, संजीव शर्मा, भागवत कौशिक, राधेश्याम यादव व मिलन साहू आदि उपस्थित थे।



## नशामुक्ति थीम पर भाषण चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महाराजपुर जिला कबीरधाम में आज नशामुक्त भारत अभियान के तहत शिव मंगल महिला समिति दुर्ग शाखा भोरमदेव नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र कवर्धा द्वारा नशामुक्ति थीम पर भाषण चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम तथा नशामुक्ति के लिए स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नशामुक्ति थीम पर भाषण, चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षको के द्वारा नशामुक्ति के लिए शपथ लिया गया।



## सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदीयों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया


स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत नगर पंचायत पिपरिया द्वारा गत दिनो सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदीयों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत पिपरिया के सभागार में किया गया। जिसमें निकाय के सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदीयों का सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल के द्वारा किया गया। श्री अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में नगरीय क्षेत्र में समुचित सफाई व्यवस्था रखने एवं नियमित रूप से साफ सफाई किए जाने कहा ताकि नवरात्र पर्व में नगरवासियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के अलावा निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## गौरमाटी के प्राचीन चंडी मंदिर में 238 ज्योति कलश प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखंड स. लोहारा के ग्राम गौरमाटी में प्राचीन काल से तीन तालाबों के मध्य विराजमान मां चंडी देवी के मंदिर में शारदीय नवरात्रि का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। यहां नवरात्र पर्व प्रारंभ होने के साथ ही प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी है।

मंदिर समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सिल्हाटी-थान खमरिया मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम गौरमाटी की दक्षिण दिशा में अद्वितीय प्राकृतिक स्थल पर स्वयं प्रकट मां चंडी देवी का मंदिर दूर-दूर के श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र बना हुआ है। जलमग्न तीन तालाबों के बीच मंदिर परिसर का शांत तथा शीतल वातावरण दर्शनार्थियों को सहज ही आकर्षित करता है। हर साल यहां चैत्र एवं क्वार नवरात्र पक्ष में माता के मंदिर में पूरे नौ दिनो तथा भक्तिभाव से पूजा अर्चना व आरती की जाती है वहीं दूरदराज के भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योंति कलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं। मंदिर समिति के मुताबिक इस वर्ष मंदिर में 01 घृत तथा 237 तेल ज्योति कलश श्रद्धालुओं के द्वारा प्रज्वलित कराए गए हैं। समिति ने बताया कि पंचमी एवं महाष्टमी पर मातारानी का विशेष श्रृंगार के साथ मंदिर परिसर में हवन-पूजन तथा नवमी तिथि को विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा। नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही दर्शनर्थियों का मंदिर आना प्रारंभ हो गया है।



## कवर्धा के मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संभागीय स्टडी विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में किया गया। जिसमें कबीरधाम एवं बेमेतरा जिला के प्रतिभागियों ने अपना मॉडल प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम वि विद्यालय कवर्धा के अशोक कुमार गुप्ता व्याख्याता के मार्गदर्शन में तैयार किए गए मॉडल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इसमें प्राकृतिक खेती विधा में वीरेंद्र चंद्रौल द्वितीय गणितीय मॉडलिंग प्रतियोगिता में श्वेता साहू द्वितीय संसाधन प्रबंधन में विश्वनाथ बर्मन प्रथम व्यक्तिगत टीम प्रोजेक्ट पश्चिम भारत विज्ञान मेला के लिए भारत साहू प्रथम तीन प्रोजेक्ट पश्चिम भारत के ज्ञान मेला में तरुण चंद्राकर एवं धर्मेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचार एवं परिवहन में अनिश टोन्डरे ने प्रीति स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर प्राचार्य आरपी सिंह ने बधाई दी।



**सांसद पाण्डेय ने झंडी दिखाकर किया रवाना, हर गांव हर घर जाकर बनाए जाएंगे सदस्य**

# भाजयुमो का सदस्यता यात्रा जिला भ्रमण के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कबीरधाम का सदस्यता रथ यात्रा शुक्रवार को मां महामाया मन्दिर कवर्धा से विधिवत रथ की पूजा कर तथा मातारानी का आशीर्वाद लेकर रथ रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम मुख्य में प्रमुख रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू शहर भाजपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू ने बताया कि यात्रा के जिले में सफल संचालन के लिए भाजयुमो प्रदेश मंत्री पियूष ठाकुर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, प्रदेश मंत्री भाजयुमो जिला महामंत्री यात्रा प्रभारी सचिन गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यात्रा प्रभारी रवि राजपूत सहित 12 सदस्यीय टीम बनाई गई। जिसमे जिला महामंत्री योगेश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, मिथलेश बंजारे, जिला मंत्री नितीश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, मंडल महामंत्री दीपक ठाकुर, नरेंद्र मानिकपुरी जिला मंत्री, हेमचन्द चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष, अमित वर्मा मंडल अध्यक्ष, अश्वन साहू मंडल अध्यक्ष, नरोत्तम साहू ये सभी यात्रा का अपने- अपने मण्डलों में नेतृत्व करेंगे। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू बताया कि रथ यात्रा 5 दिन चलेगी जिसमें सभी वर्ग के लोगों को भारतीय जनता पार्टी के विचार धारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनो का भारत और भारत को 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए ये पूरा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भाजयुमो कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्त्ता बनाएंगे। श्री साहू ने कहा कि जिला भाजपा का जो एक लाख पचास हजार का लक्ष्य है उसको पूरा किया जाएगा। जिले में अभी तक अस्सी हजार सदस्य बन चुके हैं।

## जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचान उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2015 से कला उत्सव का आयोजन कर रहा है। कला उत्सव के तहत इस वर्ष का विषय वस्तु विकसित भारत वर्ष 2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण है। यह स्कूलों में उत्सव की वह पल है जो प्रत्येक वर्ष आयोजित हो रही है। जिला राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर कला उत्सव में छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का लगातार प्रदर्शन करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में कबीरधाम जिला के जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में किया गया। जिसके अंतर्गत विकासखंड स्तर से चयनित संगीत, वादन, नृत्य, नाटक, दृश्य कला द्विआयामी एवं त्रिआयामी इत्यादि विधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव सुजीत गुप्ता थे। निर्णायको में नंदराम पाटील, कामता प्रसाद चंद्रवंशी एवं सुभान अली हाशमी ने कला की बारीकी को परखते हुए परिणाम घोषित किए। एकल गायन में कवर्धा विकासखंड, समूह गायन में विकासखण्ड बोडला एकल वादन में विकासखण्ड पंडरिया, समूह वादन विकासखण्ड बोडला, एकल नृत्य विकासखण्ड स.लोहारा, सामूहिक नृत्य विकासखण्ड कवर्धा, कहानी वाचन में विकासखण्ड बोडला, एकल नाटक में विकासखण्ड स. लोहारा, समूह नाटक में विकासखण्ड बोडला ने अपना स्थान बनाया। अब चयनित छात्र-छात्रा राज्य स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

